तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 15 जून 2025





14 नारायणपुर में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, डॉक्टर्स की ...



15 नए शिक्षा सत्र की तैयारी को लेकर रणनीति तय





## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।



पियूष शर्मा 607



अनुराग चौधरी 598



मंदीप 590

संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेंस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.


## प्रतिदिन 100 टन लौह अयस्क की हो रही चोरी : सुशील मौर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने लौह अयस्क परिवहन में हो रहे करोड़ों रूपये की गड़बड़ी का खुलासा किया। उन्होंने कहा रायकोट में जो लौह अयस्क रैक का कार्य चल रहा है, उसमें एनएमडीसी, खनिज विभाग, जिला प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के शह पर एक सिंडीकेट संचालित की जा रही है।

- रायकोट रैक में भाजपा नेताओं के शह पर चल रहा है बड़ा सिंडीकेट

उन्होंने सीधा आरोप लगाते कहा कि रायकोट रैक से प्रतिदिन 100 टन लौह अयस्क की चोरी हो रही है। जिसमें शासन को मिलने वाले टैक्स की लूट हो रही है। यह सिंडीकेट तत्काल ⏭ शेष पेज 14 पर

### गलत धंधा और चोरी कांग्रेस का काम: पाण्डे

भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने लौह अयस्क की चोरी में भाजपा नेताओं का अन्य विभागों के साथ सांठगाठ के कांग्रेस अध्यक्ष के आरोप पर पलटवार करते कहा कि गलत धंधा और चोरी का काम कांग्रेसियों को आता है। जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब लौह अयस्क का अफरा तफरी कांग्रेसी करते थे। विपक्ष में है इसलिए अर्नगल आरोप लगा रहे है। यदि उनके बात में दम है तो तथ्यों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराये। चोरी की जांच करना पुलिस का काम है। भाजपा सरकार ने पुलिस को अपराधियों और गलत काम करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए खुली छुट दी है।

कार्रवाई : 41 स्कूल बस पहुंचे इसमें से 5 बसों में एचएसआरपी ही नहीं

# 89 स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस निरस्त व किया जाएगा ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग ने बस्तर जिले में चल रहे 130 स्कूल बसों को जांच के लिए बुलाए गए थे, जिसमें 41 स्कूल बस पहुंचे तो की जांच की। शनिवार को समस्त स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण परिवहन, यातायात पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त चैकिंग किया गया। जिले के 130 स्कूल बसों में से 41 स्कूल बसें उपस्थित हुए। इसमें से 5 बसों में एचएसआरपी नहीं पाया, एचएसआरपी के लिए विहित शुल्क जमा करवा कर वाहन मुक्त किया गया। अन्य 89 बसें भौतिक निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए, उन बसों का परमिट, फिटनेस निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही किया जाएगा। आरटीओ ने कहा कि बिना पैनिक बटन के स्कूल बसें चालाना नियमों का उल्लंघन है, इसलिए कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर हर स्तर पर बड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्कूली बच्चों की लेकर हो रहे हादसों के बावजूद भी प्रशासन एवं स्कूल संचालक दोनों को लापरवाही बरकरार है। यही कारण है कि शहर एवं गांव में चल रही चल रहे स्कूली वाहनों में चालक और परिचालकों की जानकारी स्कूल संचालकों ने आरटीओ को नहीं दी जा रही है। परिवहन विभाग ⏭ शेष पेज 14 पर

- यातायात पुलिस ने की स्कूल बसों की जांच



### चालक, परिचालक का किया नेत्र परीक्षण

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चालक, परिचालक का नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समस्त स्कूल अटेन्डेन्टस को परिचालक लायसेंस प्राप्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग में जाकर एक सप्ताह का पशिक्षण प्राप्त कर सर्टिफिकेट के साथ परिचालक लायसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### स्कूल संचालकों को देंगे नोटिस

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचे 89 स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल संचालकों को नोटिस दिया जाएगा।

## एसबीआई का कियोस्क केन्द्र सील, सामान जब्त



जगदलपुर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल शंकर सिन्हा ने शुक्रवार को तेली मारेंगा स्थित एसबीआई के कियोस्क ग्राहक सेवा केंद्र में हितग्राही के बैंक खाते से प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को आहरण कर वितरण नहीं करने का वीडियो वायरल होने पर कार्यवाही कर दुकान को सील कराकर प्रिंटर, लेपटॉप, रजिस्टर को जब्त किया है।







## खबर संक्षेप



### विधायक ने किया सर्वाइकल कैंसररोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

जगदलपुर। शहर के माहेश्वरी भवन में छत्तीसगढ़ माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज द्वारा सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। किरण देव ने कहा कि माहेश्वरी समाज को इस नेक कार्य आयोजित करने के लिए साधुवाद । माहेश्वरी समाज द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिसमें 9 से 26 वर्ष के किशोरियों एवं युवतियों का टीकाकरण किया जायेगा। इस दौरान बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, समाज के गजेन्द्र चांडक , गोविंद ईनाणी, सीएमएचओं डॉ संजय बसाक व समाज के पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नाबालिग व मवेशी की हुई मौत

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम बंगोली गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 17 वर्षीय नाबालिक बालिका और एक मवेशी की मौत हो गई। जानकारी अनुसार फरसगांव क्षेत्र के ग्राम बंगोली निवासी 17 वर्षीय नाबालिक बालिका मोना मरकाम पिता सचईत अपने घर के पीछे स्थित आम पेड़ की तरफ आम खाने गई हुई थी। इसी दौरान शाम को अचानक गरज चमक के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश के बचने के लिए मोना मरकाम आम पेड़ के पास रुक गई। इसी दौरान आचनक आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में मोना मरकाम आई है साथ हो उसके पास में स्थित एक मवेशी भी आ गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई । हालांकि परिजनों के द्वारा मोना को बाइक से फरसगांव अस्पताल लाया गया ,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद शनिवार को फरसगांव थाना पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम कर मृतिका के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया है।

# सरकारी गोदाम में खाद का अवैध भंडारण, प्रशासन की छापेमारी में 31 लाख का यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर क्षेत्र के ग्राम गम्हरी में बिना वैध दस्तावेज के खाद भंडारण पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मार्गदर्शन में केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा एक गोदाम समेत 3 ट्रकों को सीज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात जिला प्रशासन, बाँसकोट पुलिस एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने तीन जगहों पर छापेमार की कार्यवाही के दौरान भंडारण किए गए लगभग 12,000 बोरी से अधिक स्ट्रीट यूरिया खाद जप्त किया गया है। जप्त खाद की बाजार में कीमत 31 लाख रुपए है।

## गोदाम और ट्रक सीज, छापेमारी से हड़कंप, वन विभाग के गोदाम में निजी दुकानदार का खाद



### सरकारी गोदाम में निजी खाद रखना गलत : कुरैशी

मामले में माकड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी असरफ अहमद कुरैशी से फोन के माध्यम से बात हुई तो उन्होंने बता की जिस गोदाम में खाद रखा हुआ था वह वन विभाग का गोदाम है, जिसके प्रभारी फूलसिंग बघेल है। किसी भी सरकारी गोदाम में निजी खाद रखना गलत है। जिसके लिए मेरे द्वारा डिप्टी रेंजर को नोटिस जारी कर खाद रखने के संबंध में जानकारी मांगा गया है। अब देखना होगा कि आखिर कार किसके परमिशन से सरकारी गोदाम में खाद रखा गया था ये तो नोटिस के जवाब आने के बाद हो पता चल लाएगा और जो दोषी होंगा उस पर क्या कार्यवाही होती है।

### प्रशासन की सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने ग्राम गम्हरी अवैध खाद भंडार के खिलाफ कार्यवाही कर जिस गोदाम को शील किया है वह गोदाम वन विभाग का । सरकारी गोदाम में किसी निजी दुकान दार का खाद पाया जाना जांच का विषय है। किस अधिकारी ने उसे खाद रखने का परमिशन दिया और कैसे कोई खाद व्यापारी सरकारी गोदाम में अपना निजी दुकान में रखने वाले खाद को रखा हुआ था और कोई अधिकारी क्यों किसी व्यापारी को सरकारी गोदाम में उसे खाद रखने दिया यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## डॉक्टर्स और स्टॉफ को 6 महीने से नहीं मिला सीआरएमसी भत्ता

# नारायणपुर में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, डॉक्टर्स की भारी कमी

सीआरएमसी भुगतान में देरी से कर्मचारी निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नक्सल प्रभावित ज़िले में स्वास्थ्य विभाग गहरे संकट से जूझ रहा है। ज़िला अस्पताल से लेकर ग्रामीण प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी और सीएचसी ) तक डॉक्टरों की भारी कमी के साथ-साथ कार्यरत चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफ को पिछले छह महीनों से सीआरएमसी(नक्सल प्रभावित क्षेत्र प्रोत्साहन भत्ता) नहीं मिला है, जिससे कर्मियों में गहरा असंतोष और निराशा व्याप्त है।

■ डॉक्टरों की भारी कमी, विशेषज्ञ दे रहे इस्तीफ़ा

ज़िला अस्पताल नारायणपुर सहित कई उपकेंद्रों में डॉक्टरों की बेहद कमी है। अधिकांश डॉक्टर, जो पहले तैनात थे, वे पिछले पांच महीनों से अवैतनिक अवकाश (लीव विदाउट पे) पर हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और आपातकालीन रोगियों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।



### विशेषज्ञ डॉक्टरों का इस्तीफ़ाः गंभीर प्रभाव

मूल वेतन राशि की समस्याओं से तंग आकर हाल ही में ज़िला अस्पताल नारायणपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद वांकर और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एल.एन. वर्मा ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। इससे विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर पड़ा है। वर्तमान में अस्पताल में कोई भी सीज़ेरियन ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है, जिससे गंभीर मामलों में मरीज़ों को दूसरे ज़िलों में रेफर करना पड़ रहा है।

### निराशाजनक फैसलाः एक भी पद नहीं मिला हालिया एमबीबीएस बांड पोस्टिंग में

इस पूरे संकट के बीच संचालनालय स्वास्थ्य सेवाये की हालिया 10 जून 2025 को आई एमबीबीएस ग्रामीण बॉन्ड पोस्टिंग (मार्च 2025 पासआउट) की सीट मैट्रिक्स में नारायणपुर जिला अस्पताल को एक भी पद आवंटित नहीं किया गया, जो अत्यंत चिंता का विषय है। जबकि ज़िले की स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही हैं।

### सीआरएमसी न मिलने से टूटा मनोबल

नारायणपुर जैसे संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी अपने जीवन को जोखिम में डालकर सेवा दे रहे हैं। ऐसे में सीआरएमसी जैसी प्रोत्साहन राशि का छह महीने तक न मिलना न केवल न्यायसंगत नहीं है, बल्कि इससे उनके मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कई कर्मचारी अब स्थानांतरण या अवकाश का विकल्प चुनने पर विवश हैं।

### एक तरफ पुलिस बना रही रिकॉर्ड, दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवा बेहाल

जहाँ एक ओर पुलिस विभाग नक्सल उन्मूलन में लगातार उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की यह निष्क्रियता आम नागरिकों को बुनियादी चिकित्सा सेवा से वंचित कर रही है। जरूरत इस बात की है कि शासन तुरंत संज्ञान लेकर जिले को पर्याप्त चिकित्सक उपलब्ध कराए और लंबित प्रोत्साहन राशि का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करे।

# एनआईए ने 17 माओवादियों के खिलाफ कोर्ट में पेश किया चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को सीआरपीएफ कैंप पर हमले के मामले में 17 माओवादियों के खिलाफ जगदलपुर में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष चार्जशीट दाखिल किया है। इनमें से एक माओवादी गिरफ्तार हो चुका है, जिसकी पहचान सोदी बामन उर्फ देवल के रूप में हुई है।

■ सीआरपीएफ शिविर हमले में शामिल थे माओवादी

गिरफ्तार माओवादी के अलावा एनआईए के चार्जशीट में शेष 16 फरार माओवादियों में 2 केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम), 2 विशेष क्षेत्रीय राज्य समिति सदस्य (एसजेडसी, एससीएम) और पीएलजीए बीएन नंबर एक, तेलंगाना राज्य समिति और पामेड क्षेत्र समिति के अन्य शीर्ष कैडर शामिल हैं। इन माओवादियों के खिलाफ दाखिल आईपीसी, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। मामला 16 जनवरी 2024 को बीजापुर जिले के धर्मावरम में सीआरपीएफ के नए शिविर और चिंतावागु और पामेड़ में दो निकटवर्ती सीआरपीएफ/कोबरा शिविरों पर हुए हमले से संबंधित है। हमलावरों ने शिविरों से सुरक्षा बलों के हथियार और अन्य सामान लूटने का प्रयास किया था। इसके पहले 17 दिसंबर 2023 को स्थापित धर्मावरम सीआरपीएफ शिविर में सीआरपीएफ के 12 जवान हमले में घायल हो गए थे। एनआईए ने 9 फरवरी 2024 को स्थानीय पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था, और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) के 21 नामजद और 250-300 अज्ञात सशस्त्र कैडरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### युवाओं की भर्ती में भी शामिल थे आरोपी

जांच से पता चला कि आरोप पत्र में शामिल आरोपी भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश के तहत युवाओं की भर्ती में शामिल थे। उनके पास प्रतिबंधित हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री थी और उन्होंने साजिश की बैठकों का आयोजन किया और उनमें भाग लिया। माओवादियों ने लक्ष्य शिविर की प्रतिकृति के रूप में प्रशिक्षण डमी शिविर भी स्थापित किया था, अपने सशस्त्र कैडरों को सशस्त्र विद्रोह करने के लिए प्रशिक्षण दिया और प्रेरक भाषण दिए। इसके अलावा उक्त शिविरों की रेकी की और अंतिम हमलों को अंजाम दिया, मामले में आगे की जांच जारी है।

# खाद माफियाओं पर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही, गोदाम और 3 ट्रक सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के केशकाल अनुविभाग के अंतर्गत ग्राम गमरी में अवैध रूप से भंडारित रासायनिक खाद के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर एवं एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने एक गोदाम और तीन ट्रकों को मौके पर सीज कर दिया।

■ गमरी में 12,000 से अधिक बोरी रासायनिक खाद जप्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात जिला प्रशासन, बाँसकोट पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने तीन अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान लगभग 12,000 बोरी यूरिया खाद बिना वैध दस्तावेज के भंडारित पाई गई। बाजार मूल्य लगभग 31 लाख आंका गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह खाद अवैध तरीके से खरीदी–बेची जा रही थी।

### बिना दस्तावेज के हो रहा था भंडारण, बड़ी साजिश की आशंका

छापेमारी में यह भी सामने आया कि भंडारण के लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था, जिससे यह साफ हो गया कि यह कार्य पूरी तरह अवैध था। प्रशासन को आशंका है कि इस खाद का इस्तेमाल कालाबाजारी या अन्य जिलों में ऊँचे दामों पर बिक्री के लिए किया जाना था।



### आगे की जांच जारी, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रशासन ने जप्त सामग्री को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कृषि नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध भंडारण पर जीरो टॉलरेंस नीति

जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में अब खाद, बीज और कीटनाशकों के अवैध भंडारण पर निगरानी तेज की जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### कलेक्टर और एसडीएम की सक्रियता से माफिया चौंके

इस त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में खाद माफियाओं में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की सतर्क निगरानी और एसडीएम अंकित चौहान की तेज कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि जिला प्रशासन इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पूर्व नक्सली बना समर्पित पिता, बेटी को अधिकारी बनाने के लिए कर रहा संघर्ष

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

फादर्स-डे विशेष

एक पिता का अपनी बेटी को अधिकारी बनाने का सपना साकार करने का संघर्ष और समर्पण की कहानी। रमेश एक साधारण व्यक्ति, अपनी बेटी मनीषा को उच्च शिक्षा दिलाने और उसे एक अधिकारी बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। वह अपनी छोटी सी आय में से मनीषा की पढ़ाई के लिए पैसे बचाता है और उसे हर संभव मदद कर रहा है। वहीं मनीषा भी अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए जी-जान से मेहनत कर रही है। शहर के वृंदावन कालोनी में निवासरत रमेश पोड़यामी ने बताया कि वर्ष 2000 से पूर्व नक्सली कमांडर रहा, उसी दौरान महिला नक्सली लता के साथ विवाह किया। उसके बाद पत्नी के साथ मुख्य धारा में जीने के लिए आत्मसमर्पण किया। शहीद पार्क में निगम की ओर से नौकरी दी गई वर्तमान में निगम के पीएचई में काम कर रहे हैं और उनकी पत्नी बोधघाट में सहायक आरक्षक पद पर पदस्थ हैं। वर्ष 2005 में पुत्री मनीषा का जन्म हुआ, उसके बाद से इच्छा है कि वह पुत्री को अधिकारी बनाना है, इसके लिए जी-जान से जुटे हुए हैं।

■ आत्मसमर्पण के बाद बदली ज़िंदगी, बेटी को अधिकारी बनाने का संकल्प



### मां चाहती हैं, मैं पुलिस में जाऊंः मनीषा

रमेश ने बताया कि वर्तमान में पुत्री ने बायो विषय में कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण की है और आगे पढ़ा रही हैं। मनीषा ने बताया कि उसकी मां चाहती है कि मैं पुलिस विभाग में पदस्थ होकर लोगों की सेवा कर सकूं।

# कोंडागांव जिले में एडीईओ परीक्षा आज, 4065 परीक्षार्थी होंगे शामिल

14 परीक्षा केंद्र तैयार, सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार, 15 जून 2025 को सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ पद के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चलेगी। जिले में परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में कोंडागांव जिले से कुल 4,065 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

इन परीक्षार्थियों के लिए जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पहले, यानी सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो जाएं। प्रत्येक परीक्षार्थी को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी।परीक्षा केन्द्र में सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।



### सिर्फ नीले या काले बाल पॉइंट पेन की अनुमति

परीक्षार्थी केवल काले या नीले रंग के बाल पॉइंट पेन का ही उपयोग उत्तर लिखने के लिए कर सकेंगे। अन्य किसी प्रकार के पेन, पेंसिल या मार्कर का उपयोग निषिद्ध रहेगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ या किसी भी प्रकार की अन्य अनावश्यक सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। निर्देशों का उल्लंघन करने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

### परीक्षा केंद्रों में लगे इमरजेंसी एलईडी बल्ब

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार, सभी परीक्षा केंद्रों में इमरजेंसी एलईडी बल्ब लगाए गए हैं। जिससे बिजली बाधित होने की स्थिति में भी परीक्षा बिना किसी रुकावट के संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित और निष्पक्ष रूप से पूरी की जा सके।

## कोसारटेडा बांध से 25 किमी दूर चल कर कोंडागांव आएगा पानी

# मिशन अमृत 2.0 से कोंडागांव को मिलेगी पेयजल संकट से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव नगर पालिका में पेयजल आपूर्ति को लेकर चल रही 102 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना मिशन अमृत 2.0 अब रफ्तार पकड़ चुकी है। कोसारटेडा बांध से पानी लाकर उसे शुद्ध कर हर घर तक पहुंचाने की योजना का अब तक 33 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह योजना आने वाले डेढ़ से दो वर्षों में पूरी तरह से कार्यान्वित हो जाएगी।

■ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में होगी शुद्धिकरण प्रक्रिया

शहर में 9 मिलियन लीटर प्रतिदिन एमएलडी की क्षमता का अत्याधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तेजी से बन रहा है। यहां से शुद्ध जल की आपूर्ति नगर के वर्तमान में मौजूद पाँच ओवरहेड टंकियों और निर्माणाधीन दो नई टंकियों के माध्यम से की जाएगी।



### 9,000 घरों तक पहुंचेगा नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल



जल प्रदाय योजना के तहत शहर के प्रत्येक घर तक शुद्ध और सुरक्षित पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 9,000 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। रॉ–वाटर, क्लियर–वाटर और ड्रिरिब्यूशन पाइपलाइन का विस्तृत नेटवर्क 24 किलोमीटर रॉ–वाटर पाइपलाइन 11 किलोमीटर क्लियर–वाटर पाइपलाइन 143 किलोमीटर वितरण लाइन ड्रिरिब्यूशन नेटवर्क इन पाइपलाइनों के माध्यम से कोंडागांव के हर घर तक हर घर जल का सपना साकार किया जाएगा।

### दो नई ओवरहेड टंकियों का निर्माण जारी

555 किलोलीटर की टंकी बांधापारा में 810 किलोलीटर की टंकी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास इन टंकियों के माध्यम से शुद्ध पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिससे कोंडागांव की 40,000 की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

### निर्माण एजेंसी करेगी 5 वर्षों तक संचालन और संधारण

इस पूरी योजना को अमलीजामा पहनाने वाली निर्माण एजेंसी न सिर्फ निर्माण करेगी, बल्कि आने वाले 5 वर्षों तक संचालन और रखरखाव का जिम्मा भी निभाएगी। मिशन अमृत 2.0 से कोंडागांव में जल क्रांति की ओर कदम यह योजना न केवल शहरवासियों को पेयजल संकट से निजात दिलाएगी, बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छता की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगी। मिशन अमृत 2.0 कोंडागांव को नई पहचान दिलाने की ओर अग्रसर है।

# सर्पदंश से आदिवासी युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**बीजापुर।** जिले के उसूर तहसील अंतर्गत मारूडबाका गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की जान चली गई। सुबह लगभग चार बजे घर के भीतर जमीन पर सो रहे 46 वर्षीय सुब्बैया धुर्वा, पिता मल्ला को जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के कुछ ही समय बाद युवक की हालत बिगड़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



परिजनों द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार का प्रयास भी किया गया, लेकिन तब तक ज़हर शरीर में फैल चुका था। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और मृतक के घर में गहरा दुःख व्याप्त है।

### ग्रामीणों में डर का माहौल

घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का वातावरण है, क्योंकि यह क्षेत्र अक्सर जहरीले साँपों की चपेट में रहता है। लोगों ने मांग की है कि ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश की त्वरित चिकित्सा सुविधा और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं।

### प्रशासन से सहायता की उम्मीद

मृतक के परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्राम पंचायत स्तर पर भी शोक संवेदना व्यक्त की गई है।

## पेज 13 के शेष

### प्रतिदिन 100 टन ....

प्रभाव से रुकना चाहिए आखिर ओवर लोडिंग माल बैलाडीला से क्यों भरा जा रहा है और बैलाडिला से ओवर लोडिंग माल भरने के बाद रायकोट में जब माल खाली हो रहा है तो वहां पर खनिज विभाग के अधिकारी क्यों नहीं बोल रहे हैं और ओवर लोडिंग रैक ट्रकों में गिराकर माल चोरी हो रहा है जो आज तक पकड़ा क्यों नहीं गया है,यह एक जीता जागता उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कांकेर जिले में जो ट्रकों को पकड़ा जाता है। जिस पर बीपीएस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए ब्लेक लिस्ट में डाला जाता है। यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन से कांग्रेस मांग करती है कि लौह अयस्क की चोरी रोकी जाए, जिससे राजस्व का नुकसान रुके।

ये रहे उपस्थित : इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, सुषमा सुता, रविशंकर तिवारी,अनुराग महतो,एस नीला, ज्योति राव आदि मौजूद रहे।

### 89 स्कूल बसों ...

ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गाइड लाइन जारी की है। इसमें निजी स्कूल में संचालित दोनों वाहनों को चलाने वाले चालक एवं परिचालक का पुलिस वैरीफिकेशन कराना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### रेत का उत्खनन कर भंडारण करने वालों पर करें कार्यवाही : कलेक्टर



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन,परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में किया गया। कलेक्टर ने कहा कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज - राजस्व विभाग द्वारा सतत कार्यवाही करें। साथ ही प्रतिबंध अवधि में रेत का उत्खनन कर भंडारण करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित खदानों की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दें ताकि एसडीएम खदान साइड का भी निरीक्षण करें।
बैठक में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज, राजस्व,परिवहन,वन और पर्यावरण विभाग द्वारा संयुक्त से जांच कर कार्यवाही पर चर्चा किया गया। इसके अलावा नवीन रेत खदान घोषित करने, भार क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने,तारपोलीन ढके खनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने, खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन में जप्त वाहनों को नजदीकी पुलिस थाना में रखे जाने हेतु थाना प्रभारियों से आवश्यक सहयोग के संबंध में चर्चा की गई। खदान सीमाकंन हेतु राजस्व विभाग से सहयोग की समीक्षा हुई। जिले के समस्त निर्माण विभागों के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों में उपयोग हेतु संभावित खनिज की मात्रा की जानकारी और रॉयल्टी जमा करने के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, सभी एसडीएम और तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी, खनिज विभाग के अधिकारी शिखर चेरपा सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### संकुल समन्वयकों की हुई बैठक

# नए शिक्षा सत्र की तैयारी को लेकर रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



नवीन शिक्षा सत्र की प्रभावी तैयारी हेतु गीदम विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बी आर सी कार्यालय मे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक खंड शिक्षा अधिकारी गीदम के द्वारा की गई। इसमें संकुल स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पठन-पाठन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया जिनमें सत्र के प्रथम दिन 16 जून को सभी स्कूलों मे प्रवेश उत्सव स्थानीय जनप्रतिनिधि व पालक, अभिभावकों के गरिमामयी उपस्थिति मे मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यार्थियों के दाखिला व नामांकन की प्रक्रिया शाला त्यागी बच्चों की शत-प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित करने के लिए संकुलवार कार्य योजना बनाई गई। शिक्षकों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व समय पर विद्यालय खुलना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्ता युक्त भोजन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं शिक्षण सामग्री जनप्रतिनिधि के हाथो वितरण नए सत्र की शुरूआत से पहले टी बी सी एप्प मे सभी पुस्तकों को अनिवार्यतः स्केनिंग कर सभी विद्यार्थियों तक पुस्तकें वितरित करने व निशुल्क गणवेश को जनप्रतिनिधि व अभिभावकों के गरिमामय उपस्थिति मे वितरण कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया।और आवश्यक सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए गए। समयबद्ध शिक्षण योजना वर्ष भर के लिए विषयवार शिक्षण योजना बनाने तथा मासिक समीक्षा की व्यवस्था पर सहमति बनी। सभी बच्चों का अपार आई डी जनरेट व शेष बच्चों के अपार आईडी जनरेट मे आने वाली समस्याओ के निदान पर चर्चा किया गया व शीघ्र हीं शत प्रतिशत बच्चों का अपार आई डी जनरेट की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। शाला भवन की रंग रोगन, साफ सफाई शौचालय व लघु मरम्मत के संबंध मे चर्चा किया गया। शिक्षा सत्र प्रारंभ आयोजन विद्यालय स्तर पर स्कूल चलें हम अभियान एवं प्रेरक शिक्षण गतिविधियों के साथ सत्र प्रारंभ करने की योजना बनाई गई। बैठक में उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों ने अपने सुझाव साझा किए और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की।

#### शिक्षकों का मार्गदर्शन करें

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम व खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान ने सभी संकुल प्रचार्यो व संकुल समन्वयकों से अपेक्षा की कि वे विद्यालयों में शिक्षकों का मार्गदर्शन करें एवं सतत निगरानी रखें जिससे नवाचार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## विहिप और बजरंग दल ने विमान दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जगदलपुर इकाई द्वारा शहीद स्मारक परिसर में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताअरं एवं नागरिकों ने मौन रखकर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

विहिप के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें। बजरंग दल के विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने कहा कि ऐसी घटनाएं हमें जीवन की अनिश्चितता का अहसास कराती हैं।

हम सभी को मानवता के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू,जिला सहमंत्री होमेश राठौर, भवानी सिंह चौहान नगर संयोजक बजरंग दल ,सनी रैली,जगदीश ठाकुर,तमिश राव व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विमान हादसे में मारे गए लोगों को लाल चर्च के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च के सदस्यों द्वारा विगत दिनों सुकमा में शहीद स्व. आकाश राव गिरिपुंजे को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें मसीह समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि बिशप डॉ. एस सुना एवं पास्टर लारेंस दास द्वारा उनके परिवार के लिए दुआ मांगी गई और कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रभु इस भीषण त्रासदी को सहने की शक्ति पारिवारिक सदस्यों को विशेष कर उनके पत्नी बच्चों रिश्ते नातेदारों को प्रदान करें और उनकी आत्मा की शांति के लिए खुदा से दुआ मांगी। साथ ही साथ अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान के क्रैश होने के पश्चात मृतकों के लिए उनके परिवारों के लिए उनके बच्चों के लिए और जो भारत से बाहर रहते हैं उनके नाते रिश्तेदारों के लिए उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी गई। साथ ही ईश्वर से गुजारिश की गई कि जितने लोगों के परिवार में यह भीषण संकट आया है उस परिवार को ईश्वर इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### शतरंज चैंपियनशिप में संभाग से 500 खिलाड़ी भाग लेंगे

**जगदलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ चैंपियनशिप 6 जुलाई को होगा। यह टूनार्मेंट विभिन्न आयु वर्ग में खेला जाएगा अंडर 9, अंडर 12, अंडर 15 अंडर 19 और ओपन। ओपन वर्ग में महिला एवं पुरुष की केटेगरी अलग रखी गई है। अन्य सभी वर्गों में बालक -बालिका वर्ग रखे गये हैं। इस टूनार्मेंट में विजेताओं को कुल 50 हजार की नकद पुरस्कार राशि एवं ट्राफियां प्रदान की जाएंगी। इस टूनार्मेंट में बस्तर संभाग के सभी जिलों से आने वाले खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा, अपना हुनर दिखाएंगे। टूनार्मेंट प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम जगदलपुर में खेला जाएगा। इस टूनार्मेंट में राकी देवांगन फीडे आर्बिटर, चीफ आर्बिटर के रूप में प्रदेश शतरंज संघ से विशेष रूप से पधारेंगे। टूनार्मेंट में बस्तर जिले के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को आने जाने का व्यय दिया जाएगा और भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रतियोगिता में लगभग 500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 6 राउंड के मैच खेले जाएंगे।

## इंद्रावती नदी पैदल पार कर ओड़िसा जाते हैं बस्तर के लोग...



**जगदलपुर।** संभाग मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर भेजापदर छतीसगढ़ का अंतिम गांव है जहां से ओड़िसा की सीमा शुरू हो जाती है। इंद्रावती नदी का उदगम ओड़िसा में है जो बहती हुयी बस्तर आती है ।बस्तर में गर्मी के समय इंद्रावती नदी की धार काफी पतली हो जाती है ।कई जगह तो नाला के रूप में बहती है । शनिवार को हरिभूमि ने बस्तर और ओड़िसा सीमा पर इंद्रावती नदी का जायजा लिया ।बस्तर में भेजापदर से ओड़िसा जाने के लिए बड़ा पुल का निर्माण किया गया है ।पुल पार करते ही ओड़िसा का गांव आलपदर पहुंचा जा सकता है। पुल के नीचे बहने वाली इंद्रावती नदी यहां पतली हो गई है। यहां नदी का स्वरूप पुल के उपर से देखने पर पानी के नीचे जमीन दिखाई पड़ती है। दोनों राज्य के लोग पैदल इंद्रावती नदी पार कर दूसरे राज्य में पहुंच जाते है। पैदल पार करते हुए एक दूसरे राज्य में आना जाना आसान है। मजे की बात यह है कि राज्य की सीमा क्षेत्र में छतीसगढ़ के भेजापदर और ओड़िसा के आलपदर में कोई जांच नाका नही है। पुलिस, वन, मंडी ,खनिज और खाद्य विभाग का चेकपोस्ट नही होने से यहां बेधड़क मादक पदार्थ और अन्य सामानों की तस्करी होती है लेकिन न प्रशासन को चिंता है न शासन गंभीर है । *छाया : सुरेश रावल*

## पतंजलि योग का पर्याय बन अस्पतालों का भार कम कर रही : बघेल





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शनिवार को पतंजलि नियमित योगकक्षा में योग का विशेष अभ्यास सत्र रखा गया, जिसमें जिला शिक्षाधिकारी बलिराम बघेल, पतंजलि योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज पाणिग्राही, जिलाध्यक्ष इलाहरि प्रसाद राव सम्मलित हुए। कार्यक्रम का संचालन बृजलाल नागवानी ने किया।

नियमित योगसाधकों को उनके विभिन्न रोगों में हुए लाभ के बारे में बताया। बलिराम बघेल ने पतंजलि द्वारा योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए देते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सभी विद्यालयों में आयोजन होगा। इसके पूर्व प्रोटोकॉल शिविर लगा कर पूर्वाभ्यास कराया जागेगा। डॉ. मनोज पानीग्राही ने बताया कि नगर में लगभग 40 स्थानों में हजारों लोग योग कर अनेकों साध्य और असाध्य बीमारियों पर लाभ प्राप्त किया है। वहीं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी जिले तहसील गाँव मुहल्ले में स्वामी रामदेव द्वारा योग कक्षा के माध्यम से योग साधक नियमित योग कर, अपने रोगों पर विजय पाया है। दुर्गा मंदिर शांति नगर में 15 जून से प्रातः 6-7 बजे प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन कर रही है जिसमे कोई भी स्वास्थ्यप्रेमी- योगप्रेमी भाग ले सकता है। योग कक्षा की संचालिका लक्ष्मी मण्डल व इला राव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी विभागों में 21 जून को योग कराने की बात दुहराई। इस अवसर पर संजीव, उमा जयसवाल, अनिल पटेल, एस तिवारी, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में योगसाधक व बच्चे उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन संदीप गांगुली ने करते हुए शिक्षको को प्रोटोकॉल अभ्यास में सम्मिलित करने का आग्रह किया।

## सेट परीक्षा उत्तीर्ण 10 विद्यार्थी सहायक प्राध्यापक पद के लिए पात्र हो गए





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग की छात्र-छात्राओं द्वारा सीजी सेट परीक्षा उत्तीर्ण की गई है। इनमें कु. कीर्ति सिंह मेहरा, गौतम भदोरिया, सुजाता साहू, भुवनेश्वरी पात्र, अनुराग दत्त, यामिनी जोशी, एमडी कलीम, अंतरा झाड़ी, भवानी सौरी ,सिमरन वट्टी है।

ये 10 विद्यार्थी अब छत्तीसगढ़ पीएससी द्वारा आयोजित महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पद के लिए चुने जाने के पात्र हो गए हैं । ऐसे लगन शील विद्यार्थियों से ही विभाग और महाविद्यालय का नाम उज्ज्वल होता है साथ ही माता-पिता का मान भी बढ़ता है। कीर्ति सिंह और यामिनी जोशी गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने होनहार विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर की तिथियां जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, मातृ वंदन योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, जनधन खाता बीमा योजना इत्यादि से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु दिनांक 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन किया जाना है।

इस संबंध में दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अन्तर्ग्रत 15 जून को ग्राम पंचायत भवन पोन्दुम, के ग्राम टेकनार, पोन्दुम, जारम, मटेनार, 18 जून को ग्राम पंचायत भवन गामावाड़ा में चंदेनार, गदापाल, तोयलंका, कुम्हाररास, गमावाड़ा, धूरली, भांसी, बड़ेकमेली, 20 जून को ग्राम पंचायत भवन बड़े बचेली के ग्राम नेरली, बेनपाल, दुगेली, गंजेनार, मसेनार, मोलसनार, 23 जून ग्राम पंचायत भवन मंगनार को डेगलरास, मंगनार, कुपेर, कमालूर, कुन्देली, मिडकुलनार, केशापुर, भोगाम, 26 जून को ग्राम पंचायत भवन मेटापाल-01 के ग्राम कावड़गांव, डुमाम, मेटापाल-01, मेन्डोली, मुरकी,फुलनार, मुस्केल, नेटापुर गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत 15 जून को ग्राम पंचायत छिन्दनार के ग्राम छिन्दनार, तुमरीगुण्डा, गुटोली, पाहुरनार बड़ेकरका, कौरगांव, मुस्तलनार, कोरलापाल, मुचनार, 18 जून को ग्राम पंचायत भवन जावंगा के ग्राम जावंगा, नागूल, कटूलनार, मड़से, हाउरनार, बड़ेपनेड़ा गुमड़ा, 21 जून को ग्राम पंचायत भवन फरसपाल के ग्राम फरसपाल, आलनार, फरसपाल अलाईस, बोदली, मुण्डेर, 23 जून को ग्राम पंचायत भवन बड़ेकारली के ग्राम बड़ेकारली, झोड़ियाबाड़म, बिंजाम, 26 जून को ग्राम पंचायत भवन हिड़पाल के ग्राम पुरनतरई, उपेट, नागफनी, कोरकोटी, हितामेटा, भरपाल, 28 जून को ग्राम पंचायत भवन हिरानार-1 के ग्राम हिरानार, घोटपाल, कासोली, जोड़ातराई, रोंजे। 30 जून को ग्राम पंचायत भवन बड़ेतुमनार, के ग्राम बड़ेतुमनार, छोटेतुमनार, गुमलनार, मोफलनार, बड़ेसूरोखी, बांगापाल, फुण्डरी में होगा। इसके अलावा कुआकोण्डा विकासखण्ड अन्तर्गत 15 जून को ग्राम पंचायत भवन मैलावाड़ा के ग्राम मैलावाड़ा, गोंगपाल, बड़ेहड़मामुण्डा, हितावर, हल्बारास, मूलेर, 18 जून को ग्राम पंचायत भवन पालनार के ग्राम पालनार, फुलपाड़, माहाराहाऊरनार, पेन्टा, डोरीरास, लेन्ड्रा, टिकन पाल, चोलनार, कलेपाल, 20 जून को ग्राम पंचायत भावन समेली के ग्राम समेली, रेवाली, मडेन्डा, जबेली, अरबे, 23 जून को ग्राम पंचायत भवन अरनपुर के ग्राम नीलावाया, बुरगुम, पुजारीपाल, अरनपुर, नहाड़ी, ककाड़ी, तनेली, परचेली, मेंडपाल, पेडका, पोटाली 28 जून को ग्राम पंचायत भवन मड़कामीरास के ग्राम समलवार, मड़कामीरास, गुमीयापाल, बेगपाल, बडेपाली, आलनार, कुटरेम, कोड़ेनार, मदाड़ी, पेरपा, प्रांजेल, पीरनार, हिरोली, कड़मपाल, 30 जून को ग्राम पंचायत भवन नकुलनार के ग्राम कुआकोण्डा, गढ़मिरी, रेंगानार, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, 15 जून को ग्राम पंचायत भवन टेटम के ग्राम टेटम, गुड़से, तुमकपाल, तेलम, बड़ेगादम, 20 जून को ग्राम पंचायत भवन कटेकल्याण के ग्राम लखारास, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजूम, बेंगलूर, मथाड़ी, 23 जून को ग्राम पंचायत भवन सुरनार के ग्राम सूरनार, दुवालीकरका, बड़ेलखापाल, गाटम। साथ ही कटेकल्याण विकासखण्ड अन्तर्गत 26 जून को ग्राम पंचायत भवन बड़ेगुडरा के ग्राम बड़ेगुडरा, एटेपाल, छोटे गुडरा, मोखपाल, माहराकरका, कोरीरास, बड़ेबेड़मा, 30 जून को ग्राम पंचायत भवन भूसारास के ग्राम भुसारास, एड़पाल, दुधीरास, प्रतापगिरी, छोटे लखापाल, जंगमपाल में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### शिल्पी ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** एयर इंडिया का लंदन जा रहा विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद मेडिकल हॉस्टल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक व्यक्ति को छोड़कर विमान के सभी यात्री एवं डॉक्टर इस दुर्घटना के शिकार हुए । आज शिल्पी संस्था ने विमान दुर्घटना के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुबीर नन्दी अध्यक्ष शिल्पी सांस्कृतिक संस्था के अलावा अनेक सदस्य श्रद्धांजलि सभा में मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत भ्रूण की बरामदगी

**दंतेवाड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेकल्याण के शौचालय में एक मृत भ्रूण पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम कर प्रारंभिक जांच की गई है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि थाना कटेकल्याण अंतर्गत एक महिला अपनी 12 वर्षीय पुत्री के साथ सीएचसी कटेकल्याण आई थी। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक परीक्षण के उपरांत उसे जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रेफर कर दिया गया। उसी दौरान सीएचसी कटेकल्याण के शौचालय में मां-बेटी गईं, जिसके पश्चात शौचालय परिसर में एक नवजात मृत भ्रूण का शव बरामद किया गया।

### टेम्पल कमेटी की बैठक

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की उपस्थिति में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में बस्तर टेम्पल कमेटी की बैठक की गई। बैठक में मंदिरों में सेवा देने वाले पदों की भर्ती, मंदिरों की आय-व्यय पर और मंदिर की जमीन-दुकानों से होने वाले आय की पर चर्चा किया गया। साथ ही गोचा पर्व की तैयारियों पर भी चर्चा किया गया । बैठक में कमेटी के सदस्य, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक, डिप्टी कलेक्टर माया चंद्रा, तहसीलदार एवं टेम्पल कमेटी सदस्य सचिव रुपेश मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रेत का भंडारण खेत से लेकर मैदान और सड़क किनारे तक...







**जगदलपुर।** बारिश में नदी नालों में पानी भरने से रेत के उत्खनन पर बस्तर जिले में 15 जून से प्रतिबंध की बात कही जा रही है। उससे पहले रेत का कारोबार करने वालों ने बारिश में मुनाफा कमाने के लिए जगह जगह रेत का भंडारण कर रखा है। विशेषकर इंद्रावती नदी के किनारे के गांव में खेतों से लेकर मैदानों और सड़कों के किनारे रेत के टीले नजर आ रहे हैं। रेत कारोबारियों को मालूम है कि बारिश में रेत के दाम काफी बढ़ जायेंगे निजी और सरकारी निमार्ण करने वालों को अधिक दाम पर रेत खरीदना पड़ेगा। यह उनकी मजबूरी भी है क्योंकि खदानों से रेत की निकासी नही होने पर जिन कारोबारियों के पास रेत का भंडार है उनसे रेत खरीदेंगे। हरिभूमि ने शनिवार को इंद्रावती नदी के किनारे के अनेक गांव का जायजा लिया। माड़पाल, कलचा, तुरेनार , उपनपाल , नगरनार, भेजापदर समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह रेत के टीले पड़े हुए है। दूसरी और प्रशासन भी कलेक्टर के निर्देश के बाद धरपकड़ की कार्यवाही में लगा हुआ है। वैसे सूरज उगने से पहले और रात को अंधेरे में रेत से भरे हाइवा, ट्रेक्टर और ट्रक निकल रहे है। यह बिना सरकारी संरक्षण के संभव नही है। वैसे जिनके काम चल रहे हैं वे बेचारे मनमाने भाव पर रेत खरीदकर निमार्ण पूरा कर रहे है। *छाया : सुरेश रावल*

### नगरनार के राशन दूकान में 3 घंटे में केवल 10 लोगों को मिला अनाज

# 6 बार मशीन में अंगूठा लगाने पर मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित नगरनार की दुकान में शनिवार की दोपहर 12 बजे राशन लेने के लिए काफी महिलाएं जमीन में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। हरिभूमि ने दूकान का जायजा लिया जहां 2 ,3 महिलाएं अंदर खड़ी थी और 1 महिला तीलोतमा बार बार मशीन में अंगूठा लगा रही थी।

- सुबह से राशन लेने दुकान में डटी है महिलाएं

इस संबंध में राशन दुकान संचालक रमेश सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे से 12 बजे तक 3 घंटे में केवल 10 लोगों को राशन दिया गया है। मशीन स्लो चलने और अंगूठा लगाने में आ रही दिक्कत के चलते 10, 15 बार थंब दबाने पर मुशकिल से 6 बार हो रहा है। 6 बार कपंलिट होने के बाद ही उपभोक्ता को राशन दिया जाता है।

शासन के नियम का पालन करने के कारण देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सुबह से रात तक 12 घंटे काम करना पड़ा रहा है। लोग देरी होने के कारण राशन कार्ड छोड़कर जा रहे है।





### 1100 कार्डधारी को 3 माह का चावल एकमुश्त दे रहे

राशन दुकानों में प्रत्येक कार्डधारियों को 3 महिना का चावल एकमुश्त दिया जा रहा है। बताया गया कि यहां 1100 कार्डधारी है जिन्हे मशीन में आ रही समस्या के चलते कई दिन लग जायेंगे। शक्कर, नमक और चना 1 माह का दे रहे है।

### कम उम्र वालों का जल्दी हो रहा

राशन दुकानदार का कहना है कि थंब लगाने में कम उम्र वालों का जल्दी हो रहा है। वैसे दुकान में 70 साल से अधिक उम्र की एक महिला समल बाई बैठी हुयी थी जिसका थंब की प्रकिया सफल हो गयी थी लेकिन काफी महिलायें राशन की आस में घर का काम धाम छोड़ घंटो से बैठी हुयी दिखाई पड़ी।

# जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्वः देव

- विधायक एवं सांसद ने लाखों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन
- उपनपाल एवं कोण्डावाल में सीसी सड़क ,माता गुड़ी ,आहता निर्माण कार्य की दी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व सांसद महेश कश्यप ने उपनपाल एवं कोण्डाव्राल में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उपनपाल में माता गुड़ी निर्माण लागत 7.20 लाख रूपए, आहता निर्माण लागत 5 लाख रूपए, माता गुड़ी निर्माण लागत 7.20 लाख रूपए, बाली कोंटा में ग्राम कोण्डावाल में सी सी सडक निर्माण 200 मीटर लागत 10.00 लाख रूपए जिसमें सभी कार्यो का कुल लागत 29.40 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं, जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार विकास की बयार बह रही है। क्षेत्र के जनमानस ने वर्षों से मांग रखा था। क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप आज सीसी सड़क निर्माण, आहता व अन्य निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा, विद्युत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। विकास अनवरत जारी रहेगा।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास कार्य अनवरत जारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे हमारा दायित्व है। हमारी सरकार जनता के सभी मांगों को गारंटी के साथ पूरी कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहे हैं। जिसका लाभ जनता को मिलेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बिन्दु साहू,जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया, देवकी कश्यप, भूपेन्द्र ठाकुर,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, संरपंच वासुदेव गोयल , टेमल कश्यप,सांसद प्रतिनिधि आंनद मोहन मिश्रा, प्रदीप देवांगन, सुरेश गुप्ता,राजेश श्रीवास्तव,राजेश शर्मा, धनश्याम सेठिया,,रैनू बघेल, गणेश , रामचंद्र,रमेश,राधे पन्द्रे, गौरव जोशी , दयाराम, सुरेश,जनपद सीईओ अमित भाटिया एवं क्षेत्र की जनमानस उपस्थित थे।

# सुकमा राजीव भवन को अटैच किये जाने के विरोध में भाजपा सरकार व प्रवर्तन निदेशालय का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ राजीव भवन के समक्ष कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकताअरं द्वारा भाजपा सरकार व प्रवर्तन निदेशक का पुतला दहन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि देश और प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी कांग्रेस कार्यालय को अटैच किया गया। प्रवर्तन निदेशालय को पाई पाई का हिसाब दिया जा चुका है बावजूद हमारे नेता कवासी लखमा को परेशान कर बेबुनियाद व झूठा केस लगाकर उनको जेल भिजवाया गया जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा ईडी की यह कार्यवाही भाजपा के राजनैतिक षडयंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस को जिला कार्यालय बनाने के लिये फंड कहाँ से आया, हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकताअरं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय अपनी सीमा लांघ रही है।

इस प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला , नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, संतोष सेठिया, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता दास, असीम सुता,महेश द्विवेदी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, रविशंकर तिवारी, वेंकट राव,विक्रम सिंह डांगी, हनुमान द्विवेदी,जिशान कुरैशी, पार्षद सुशीला बघेल, अफरोज बेगम, ललिता राव, कमलेश पाठक, अनुराग महतो, संदीप दास, आदित्य बिसेन, अरुण गुप्ता,एस नीला, सायमा अशरफ, ज्योति राव, मनिता राऊत, हेमंत कश्यप, पंकज केवट, विजेंद्र ठाकुर, लोकेश नंदा, रौशन पानी, सलीम जाफर अली, कर्तव्य आचार्य, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने ईडी का किया पुतला दहन



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में ईडी का पुतला दहन किया है। पुतला दहन के बाद कांग्रेस नेता और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय राजीव भवन को अटैच किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ईडी की यह कार्यवाही लोकतंत्र के लिए काला दिन है और यह लोकतंत्र के लिए हानिकारक है।
ईडी की इस कार्यवाही का कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। पुतला दहन करने के दौरान बेनहूर रावतिया, पुरुषोत्तम सल्लूर, राजेश जैन, प्रवीण डोंगरी, पुरुषोत्तम खत्री, संजना चौहान, कविता यादव, सम्माराम हेमला, विजय पाल शाह मंडावी, बृज कावरे, राजा गुप्ता, गोलू राठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महारानी अस्पताल व मेकॉज में हुआ 102 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बस्तर ने विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को महारानी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इसके साथ ही डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज समेत सभी ब्लॉक मुख्यालयों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। महारानी अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। वहीं पैरामिलेट्री बलों के जवानों एवं विभिन्न संगठन के लोग भी पहुंचे। शिविर के दौरान महारानी अस्पताल और मेकॉज में 102 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर हरीश एस., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिपं सीईओ प्रतीक जैन, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदान करने के साथ ही रक्तदाताओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में 102 यूनिट रक्त की व्यवस्था हुई है, जिसका फायदा जरूरतमंदों को मिलेगा।

- विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान शिविर, रक्तदाताओं का किया सम्मान




### सीएमएचओ की बेटी व युवाओं ने किया रक्तदान

शिविर में ऐसे युवाओं की संख्या काफी ज्यादा थी, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। इनमें सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक की बेटी मोमिता बसाक ने रेडक्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर से अपने रक्तदान की शुरूआत की। इसके अलावा पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह भी देखने को मिला।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, वाइस चेयरमैन नरेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर, राज्य प्रतिनिधि एलेक्जेंडर चेरियन, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, आपदा प्रबंधन उपसमिति के अध्यक्ष सुभाष रतनपाल, पर्यावरण उपसमिति के अध्यक्ष विधुशेखर झा, संग्राम सिंह राणा, धारिणी तिवारी, मनीष मूलचंदानी, बृजेश शर्मा, हरीश पराशर, अनिल देवांगन, करमजीत कौर, गायत्री आचार्य, धर्मेंद्र महापात्र, सुशील पांडे, अजयपाल सिंह, डॉ. केके नाग, डाकेश रात्रे, डॉ. नीरज कुमार ओझा, डॉ. भंवरलाल शर्मा, लक्ष्मी टंडिया, बृजेश सिंह भदौरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### अन्य राज्यों में स्कूलों की गर्मी छुट्टी बढ़ा दी गई, छग में 16 जून से खुलेंगे स्कूल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ राज्य में 16 जून से स्कूल फिर खुलने जा रहे हैं। वहीं देश के विभिन्न राज्यों ने भयावह गर्मी के चलते स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 16 जून से खुलने जा रही स्कूलों में गर्मी के चलते रोक लगा दिया है। यूपी सरकार ने गर्मियों की छुट्टी में 15 दिन की वृद्धि कर दी है। अब यहां स्कूल 1 जुलाई से खुलेंगे। सरकार ने इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है। दरअसल इस समय पूरे देश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप है, इससे बच्चों के स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। इस भीषण गर्मी में छत्तीसगढ में 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे है। राज्य में इन दिनों भीषण गर्मी और उमस का मौसम है ऐसे में यहां भी स्कूल को 1 जुलाई से खोलने की मांग की जा रही है। बहरहाल छत्तीसगढ सरकार ने अभी तक गर्मी की छुट्टियों में वृद्धि नहीं की है। जिसके चलते बच्चे और पालक खासे चिंतित हैं।



छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

जमीन बेचना है
5 एकड़ 25 डीसमील
बालूद, तहसील दंतेवाड़ा, रोड से लगा हुआ (पट्टेवाला)
3 एकड़
पूरनतराई, तहसील दंतेवाड़ा सरकारी नर्सरी के पास
जमीन किराये / बेचना है
2 एकड़ 29 डीसमील (पट्टेवाला)
60 हजार स्क्वेयर फिट बिल्डींग (सर्वसुविधायुक्त)
कलेक्ट्रेट के बगल में, चितालंका, दंतेवाड़ा-जगदलपुर हाइवे
Contact - 9637230735, 9144238218

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/
एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं
हिपेटोलॉजी विभाग
- पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
- पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़,
होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:–73544–11411